मशरूम में कम लागत से भी होता है अच्छा लाभ

विवि के बीएड स्टूडेंट्स ने कृषि महाविद्यालय में लिया प्रशिक्षण

जगदलपुर। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के बीएड के विद्यार्थियों ने मंगलवार को कुम्हरावंड स्थित गवर्मेंट एग्रीकल्चर कॉलेज में मशरूम उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान महाविद्यालय के वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. प्रहलाद सिंह नेताम ने मशरूम उत्पादन प्रोसेस की विस्तृत जानकारी दी।

डॉ. नेताम ने बताया कि आज जागरूकता और उत्पादन के कारण समाज में मशरूम एक पोषणयुक्त आहार के रूप में इश्तेमाल हो रहा है। मशरूम शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी है। कम जगह में इसका अच्छा उत्पादन किया जा सकता है। इसके उत्पादन प्रक्रिया में कम लागत में अच्छा लाभ मिल जाता है। कम उत्पादन में भी उत्पादक लाभ में रहते हैं। आज गांव और शहर दोनों जगह इसके उपयोग का चलन तेजी से बढ़ रहा है।

डॉ. नेताम ने इस दौरान विद्यार्थियों को मशरूम उत्पादन से संबंधित स्पॉनिंग, बैगिंग प्रक्रिया, आयस्टर मषरूम और बीएमआई परीक्षण की भी सरल तरीके से जानकारी दी। प्रतिभागी विद्यार्थियों ने भी मशरूम के वेरायटी, इसमें उपलब्ध विटामिन इत्यादि से संबंधित प्रश्न पूछे। विवि आईआईसी के क्वार्टर 3 के एक्टिविटी के तहत अध्यक्ष डॉ. सजीवन कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस एक्सपोजर विजिट और प्रशिक्षण कार्यक्रम में संयोजक डॉ. सोहन कुमार मिश्रा, समन्वयक डॉ. रेखा जीवनानी, डॉ. गायत्री सोनी, लीलावती पटेल, प्रज्ञा तिवारी उपस्थित रहे।